# समिबेक्स-25 में भारतीय नौसेना का पोत

स्रोत: पी.आई.बी

भारतीय नौसेना का पोत सतपुड़ा सिंगापुर-भारत समुद्री द्वपिक्षीय अभ्यास (समिबेक्स-25) के **32वें संस्करण** में भाग लेने के लिये सिंगापुर पहुँच गया है।

- **भागीदारी:** अभ्यास के बंदरगाह चरण में विषय वस्तु विशेषज्ञों का आदान-प्रदान (एसएमईई), पेशेवर बातचीत और परिचालन स्तरीय चर्चाएँ शामिल हैं, साथ ही भाग लेने वाले पोत- **RSN विजिलेंट और RSN सुप्रीम पर डेक परिचित दौरे** भी शामिल हैं।
  - अभ्यास के **समुद्री चरण** में उन्नत नौसैनिक ऑपरेशन शामिल हैं, जिनमें वायु रक्षा अभ्यास, क्रॉस-डेक हेलीकॉप्टर ऑपरेशन, सटीक लक्ष्यीकरण, जटिल युद्धाभ्यास अभ्यास और VBSS ऑपरेशन शामिल हैं।
  - भारतीय नौसेना का बेड़ा, जिसमें **विध्वंसक पोत दिल्ली, फ्रिगेट सतपुड़ा, कार्वेट किल्टन** और सहायक पोत **शक्ति** शामिल हैं, विशाखापत्तनम लौटने से पहले फिलीपींस और वियतनाम का दौरा करेगा।
- **पृष्ठभूमि:** सिम्बेक्स (पूर्व में अभ्यास **लायन किंग**), भारतीय नौसेना और **सिंगापुर गणराज्य नौसेना (RSN) द्वारा** आयोजित एक **वार्षिक समुद्री अभ्यास** है तथा यह **भारत के सबसे लंबे (1994 में शुरू) निर्बाध समुद्री अभ्यासों** में से एक है।
  - यह अभ्यास भारत के "विज़न MAHASAGAR" और "एक्ट ईस्ट पॉलिसी" के अनुरूप है, जो पड़ोसी देशों के साथ रणनीतिक सहयोग को प्राथमिकता देता है।
- **महत्त्व:** SIMBEX-25 भारत और सिंगापुर के बीच मज़बूत साझेदारी को दर्शाता है, जो दोनों **देशों के 60 वर्षों के द्वपिक्षीय संबंधों** की उपलब्धि का प्रतीक है। यह अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करता है।



**और पढ़ें:** भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-naval-ship-satpura-at-simbex-25